# मंत्री बृजमोहन के मामले में कांग्रेस का हंगामा, इस्तीफा मांगते हुए गर्भगृह में पहुंचे, हुए निलंबित

0-निलंबन के बाद कांग्रेस सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने किया धरना-प्रदर्शन
0-आदिवासियो की दान दी जमीन पर कब्जा करने के मामले में कांग्रेस ने सदन में लाया काम रोको प्रस्ताव
0-प्रश्नकाल दूसरे दिन भी बाधित

रायपुर,(आरएनएन)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र के दूसरे दिन भी प्रश्नकाल नहीं चल पाया। प्रतिपक्ष कांग्रेस ने बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा आदिवासियों द्वारा राज्य सरकार को दान में दी जमीन का मामला जोर-शोर से उठाया और इस मामले में काम रोको प्रस्ताव लाकर इस पर चर्चा कराए जाने की मांग की। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इस पर कड़ी आपत्ति की, जिसके बाद कांग्रेस सदस्यों ने सदन में नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने इस मामले में पहले 5 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रखी इसके बाद दोबारा कांग्रेस सदस्यों द्वारा इस मामले में हंगामा करते हुए आसंदी के गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे सभी कांग्रेसी सदस्य स्वयमेव सदन से निलंबित हो गए। सदन से निलंबन होने के बाद सभी कांग्रेसी विधायक विधानसभा परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना देकर नारेबाजी की। प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस सदस्य कवासी लखमा ने आज आदिवासियों द्वारा राज्य सरकार को दान में दी जमीन पर प्रदेश के कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा कब्जा किए जाने का मामला उठाते हुए आसंदी से कहा कि इस पर उनके दल की ओर से स्थगन प्रस्ताव लाया गया है जिसे स्वीकृत कर इस पर चर्चा कराई जाए। कवासी लखमा द्वारा सदन में मंत्री के खिलाफ प्रस्ताव रखते ही सत्ता पक्ष के मंत्री सहित अन्य सदस्यों ने इस पर कड़ी आपत्ति जतायी। लेकिन कांग्रेसी सदस्य इस मामले में बार-बार अध्यक्ष से चर्चा कराए जाने की मांग करते रहे पर आसंदी की ओर से सिर्फ यहीं जवाब आता रहा है कि यह प्रश्नकाल का समय है और कांग्रेस सदस्य सदन के नियमों का पालन करते हुए पहले प्रश्नकाल चलने दें। आसंदी से संरक्षण नहीं मिलने से कांग्रेस सदस्यों ने सदन में कृषि मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई कांग्रेस सदस्यों ने फिर इस मामले में हंगामा करना शुरू कर दिया और अंत में सभी कांग्रेसी सदस्य आसंदी के गर्भगृह में जाकर नारेबाजी करने लगे। गर्भगृह में जाते ही सभी कांग्रेस सदस्य स्वयमेव निलबित हो गए।

उनके निलंबन की घोषणा करते हुए अध्यक्ष ने सभी को प्रश्नकाल का समय खत्म होते ही सदन से बाहर जाने के लिए कहा। सदन से निकलते हुए सभी कांग्रेसी सदस्य नारेबाजी करते हुए विधानसभा परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना देते हुए वहां भी विरोध स्वरूप नारेबाजी की।

## पणजी विधानसभा सीट के लिए पर्रिकर ने दाखिल किया नामांकन

पणजी,(आरएनएस)। पणजी से पांच बार विधायक रह चुके गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को राज्य की राजधानी से अपना नामांकन दाखिल किया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार में पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री रहे पर्रिकर मार्च में राज्य के राजनीति में प्रवेश किया था। पत्रकारों से बात करते हुए पर्रिकर ने कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित है और पांच वर्षों के कार्यकाल में राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में विकास का एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने का वादा है। यह पणजी के लिए मेरा वादा है। और हम इसे 365 दिन के अंदर कर लेंगे। हम तीन से चार महीने में जो कदम यहां उठायेंगे, वही कदम हम मोगुसा, मडगासा, पोंडा, वास्को और अन्य दूसरे छोटे शहरों के लिए अपनायेंगे। पर्रिकर ने कहा, पांच सालों में इन जगहों के लिए पणजी मास्टर प्लान की रणनीति का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा, पूरे देश और विश्व भर के शहरी इलाकों में प्रदूषण फैल रहा है। यहां पानी की कमी है और जो पानी है वह दूषित है। बता दें कि, गोवा में 23 अगस्त को दो विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव होंगे। बताया जाता है कि, पणजी में, मनोहर पर्रिकर के वापस लौटने पर भाजपा विधायक सिद्धार्थ कुनकोलेनकर के इस्तीफा देने का बाद उपचुनाव होना जरूरी थी। सिद्धार्थ फिलहाल उत्तरप्रदेश से राज्य सभा सांसद हैं।

## भाजपा अभूतपूर्व तरीके से परेशान कर रही है: अहमद पटेल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल ने कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की आलोचना करते हुए भाजपा पर राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 'अभूतपूर्व तरीके से परेशान' करने का आरोप लगाया। गुजरात से राज्यसभा का चुनाव लड़ रहे पटेल ने कहा कि कांग्रेस मंत्री के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी से भाजपा की निराशा और हताशा का पता चलता है। गौरतलब है कि गुजरात के कांग्रेस विधायक कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री डीके शिवकुमार के अतिथि गृह में ही ठहरे हुए हैं। पटेल ने ट्वीट किया, ''राज्य के तंत्र और अन्य एजेंसियों के इस्तेमाल के बाद आयकर विभाग की छापेमारी उनकी निराशा और हताशा को दर्शाती है।'' आयकर विभाग ने कर चोरी एक मामले से जुड़ी अपनी जांच के सिलसिले में शिवकुमार के कर्नाटक और दिल्ली स्थित कई ठिकानों पर आज छापे मारे जिनकी मेजबानी में यहां से निकट एक रिजॉर्ट में गुजरात कांग्रेस विधायक ठहरे हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव पटेल गुजरात से एक बार फिर राज्यसभा के लिए चुनावी मैदान में हैं, जहां आठ अगस्त को चुनाव होना है। कुछ दिनों पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर सिंह वाघेला के पार्टी से इस्तीफे के बाद से अब तक छह कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके बाद ही उन्हें बेंगलुरु के रिजॉर्ट में ठहराया गया है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में आप करेगी गोपाल कृष्ण गांधी का समर्थन

नई दिल्ली,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि उनकी पार्टी उप राष्ट्रपति चुनावों में विपक्ष के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण गांधी का समर्थन करेगी। गांधी के लिये आप का यह समर्थन उनके अरविंद केजरीवाल से यहां मुलाकात करने के कुछ घंटों बाद आया। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, ''आप उप राष्ट्रपति के लिये श्री गोपाल कृष्ण गांधी का समर्थन करेगी।'' आम आदमी पार्टी के लोकसभा में चार सांसद हैं जिनमें से दो ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर रखी है। देश के अगले उपराष्ट्रपति के लिये पांच अगस्त को चुनाव होने हैं।

## सर्वेश्वर एनीकट: निविदा प्रक्रिया में नियमों का पालन किया गया

रायगढ़,(आरएनएस)। जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सर्वेश्वर एनीकट निर्माण के लिए विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया में नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोरबा शहर की जनता को पेयजल मुहैया कराने के लिए मिशन अमृत योजना के तहत सर्वेश्वर एनीकट का निर्माण कार्य 53 करोड़ रूपए की लागत से करवाने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जल संसाधन विभाग को डिपाजिट मद में कार्य सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि कथित रूप से 41 करोड़ की निविदा को अस्वीकृत करने और 56 करोड़ की निविदा स्वीकृत करने की बात निराधार और भ्रामक है।

## चीनी राखियों के बहिष्कार को लेकर स्वदेशी जागरण मंच का रथ राजधानी में भ्रमण करेगा

रायपुर,(आरएनएस)। देश व प्रदेश में इन दिनों चीनी सामाग्रियों का बहिष्कार करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच लगातार प्रयासरत है। विगत कुछ दिनों बाद राखी से 3 दिन पहले से स्वदेशी जागरण मंच थोक मार्केट एवं शहर के अन्य इलाकों में चीनी राखियों के बहिष्कार करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएगा। इस विषय पर स्वदेशी मंच के अमरजीत सिंह छाबड़ा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में स्वदेशी मंच द्वारा स्कूल-कॉलेजों व थोक मार्केट में चीनी राखियों के बहिष्कार करने की अपील जारी है। वहीं लोगों का भी पूर्ण समर्थन इसमें मिल रहा है। श्री छाबड़ा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा थोक मार्केट व शहर के प्रमुख क्षेत्रों में स्वदेशी जागरण मंच जन-जागरूकता के माध्यम से चीनी राखियों का बहिष्कार करेगी।

## आईटी छापे पर संसद में कांग्रेस का हंगामा, जेटली ने दिया जवाब

**जेटली ने किया बचाव**
सदन में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने सरकार की ओर से सफाई दी। उन्होंने कहा कि न तो रिजॉर्ट पर छापा मारा गया और न ही वहां ठहरे किसी भी एक विधायक की तलाशी ली गई। जेटली के मुताबिक, कुल 39 जगहों पर छापे मारे गए हैं। इसके अलावा, अगर कोई शख्स कांग्रेसी विधायकों की मेजबानी में लगा है तो उसे अपने घर में अवैध पैसे रखने का लाइसेंस नहीं मिल जाता।

नई दिल्ली,(आरएनएस)। संसद का मानसून सत्र अब तक काफी हंगामेदार रहा है। बुधवार को आयकर विभाग की छापेमारी पर सवाल उठाते हुए राज्यसभा में कांग्रेस सांसद हंगामा करते हुए वेल में पहुंच गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। राज्यसभा में कांग्रेस ने बेंगलुरु के ईगलटन रिसार्ट पर इनकम टैक्स रेड का मुद्दा उठाया। इसी रिसार्ट गुजरात कांग्रेस के विधायक रुके हैं।बता दें कि बेंगलुरु के उस रिसॉर्ट पर छापा पड़ा है जहां खरीद फरोख्त से बचाने के लिए गुजरात कांग्रेस के 44 विधायकों को रखा गया है। साथ ही कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री डीके शिवकुमार के घर और दूसरे ठिकानों पर भी छापा पड़ा है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'नियम सबके लिए एक होता है। कांग्रेस के पाप का घड़ा भर चुका है।' कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने छापेमारी के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार इनकम टैक्स एजेंसियों को अनुचित तरह से प्रयोग कर रही। सत्ता के दुरुपयोग का ट्रेंड रहा है। उन्होंने कहा कि छापे का जगह और समय संयोग नहीं है। विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा, इस छापे का सीधा संबंध गुजरात राज्यसभा चुनाव से है, पैसे आपकी पार्टी के लोग बांट रहे हैं। गुलाम नबी आजाद ने आगे कहा कि डर और भय का माहौल दक्षिण तक पहुंच गया है। आजाद ने कहा कि जो 15 करोड़ हमारे सांसदों को दे रहे हैं उन भाजपा नेताओं पर छापेमारी करें। इसके बाद कांग्रेस के सांसद नारेबाजी करते हुए वेल तक पहुंच गए। कांग्रेस के सांसदों ने लोकतंत्र की हत्या, बंद करो, बंद करो के नारे लगा रहे हैं। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही 11.37 स्थगित हो गई। इसके बाद जब कार्यवाही शुरु हुई तो कांग्रेस सांसदों ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद फिर 2 तक कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

## दिल्ली में हवाई अड्डे पर बम की अफवाह से दहशत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल में एक संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद आज बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की टीम यहां पहुंची। हवाई अड्डे को बाद में सुरक्षित घोषित कर दिया गया। सीआईएसएफ के महानिदेशक ओपी सिंह ने कहा, ''संदिग्ध वस्तु को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और इसे लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।'' हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों ने बताया कि कार्गो टर्मिनल में एक संदिग्ध वस्तु को लेकर सुबह करीब सात बज कर पांच मिनट पर नियंत्रण कक्ष को फोन आया। उन्होंने बताया, ''बम निरोधक और खोजी कुत्तों की टीमों ने पाया कि संदिग्ध वस्तु मारूति कंपनी के कुछ पुर्जों के अलावा और कुछ नहीं है। इलाके को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है।'' जिस माल को सुबह नौ बजे सुरक्षित घोषित किया गया वह दिल्ली-गोवा विस्तारा उड़ान में रखा जाना था। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) के कार्गो टर्मिनल की सुरक्षा निजी एजेंसियों के हाथ में है लेकिन खतरा या आपात स्थिति में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और पुलिस हवाई अड्डे की सुरक्षा की बागडोर संभालती है।

## रविवि विज्ञान के शिक्षकों के लिए आयोजित करेगा तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

रायपुर,(आरएनएन)। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च पुणे तथा ब्रिटिश काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयीन शिक्षकों के लिए चार दिवसीय शैक्षणिक अनुसंधान पर आधारित कार्यशाला का आयोजन 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में स्थित पंडित रविशंकर विश्व विद्यालय में प्रथम बार इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में ब्रिटेन की शेफील्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और शिक्षा नीति के संबंध में कार्य करने वाले भारतीय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। कार्यशाला के समन्वयक प्रो. कगोल घोष व प्रो. संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला भौतिकी रसायन पर्यावरण गणित जीव विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान जैसे विज्ञान विषयों के महाविद्यालयीन प्राध्यापकों के लिए आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला से प्रतिभागियों को समूहों में आने स्वंय के शिक्षण उपकरण तैयार करने और दूसरों की समीक्षा करने के साथ शिक्षकों को विज्ञान के क्षेत्र में अपने साथी विशेषज्ञों के साथ शिक्षण नवाचार को साझा करने का अवसर दिया जाएगा। चयनित शिक्षकों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। वहीं शिक्षकों को यात्रा भत्ता के साथ आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 150 शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। कालेजों और विवि की अध्ययनशालाओं से प्राप्त नामांकनों में से 150 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। कार्यशाला में पंजीयन के लिए आनलाइन आवेदन किए जा सकते है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

1 राजा राम मोहन राय को राजा की उपाधि किसने प्रदान की। अकबर द्वितीय
2 मोहम्मद अली जिन्ना को कायदे आजम की उपाधी किसने प्रदान की। महात्मा गांधी
3 कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है। उत्तराखंड
4 महलों का शहर के नाम से कौनसा शहर जाना जाता है। कोलकाता
5 गंगासागर परियोजना किस नदी पर स्थित है। चंबल मध्यप्रदेश
6 अखबारी कागज बनाने का सरकारी कारखाना कहां पर है। नेपानगर, मध्य प्रदेश
7 भारत में कागज बनाने का पहला कारखाना कहां पर खोला गया। ट्रंकवार में 1716
8 किसके वेतन पर आयकर नहीं लगता है। राष्ट्रपति
9 मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है। लोक सभा
10 किस राष्ट्रपति के निर्वाचन के समय दूसरे चक्र की मतगणना करनी पड़ी। वी.वी.गिरि
11 संविधान के किस अनुच्छेद में प्रधानमंत्री की नियुक्ति वर्णित है। अनुच्छेद 75
12 राज्य सभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम उम्र सीमा कितने वर्ष है। 30 वर्ष
13 वर्तमान में संघ सूची में कितने विषय सम्मिलित है। 98
14 वर्तमान में राज्य सूची में कितने विषय शामिल हैं। 62
15 वर्तमान में समवर्ती सूची में कितने विषय हैं। 52
16 रियासतों को भारत में सम्मिलित करने के लिए किसके नेतृत्व में रियासती मंत्रालय बनाया गया। सरदार बल्लभ भाई पटेल
17 दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का दर्जा संविधान के किस संशोधन के द्वारा दिया गया है। संविधान के 69वें संशोधन में
18 भारतीय संविधान में संसदात्मक शासन प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि निर्माण प्रक्रिया किस देश से ली गई है। ब्रिटेन
19 भारतीय संविधान में नीति निर्देशक तत्व किस देश से लिए गए हैं। आयरलैंड
20 भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार किस देश से लिए गए हैं। अमेरिका
21 भारतीय संविधान में संशोधन की प्रक्रिया किस देश से ली गई है। दक्षिण अफ्रीका
22 भारतीय संविधान में आपातकाल के प्रवर्त्तन के दौरान राष्ट्रपति को मौलिक अधिकार संबंधी शक्तियां किस देश से ली गई हैं। जर्मनी
23 पाकिस्तान के लिए पृथक संविधान सभा की स्थापना की घोषण कब की गई। 26 जुलाई 1947

## आधार से घुसपैठियों को बाहर करने में मदद मिल सकती है: प्रसाद

नई दिल्ली,(आरएनएस)। विधि मंत्री एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि 12 अंकों की आधार संख्या का इस्तेमाल 'घुसपैठियों' को बाहर करने के अलावा सरकारी खैरात की चोरी और फर्जी भुगतान पर अंकुश लगाने में किया जा सकता है। आईपीएस अधिकारियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कमांडेंट के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आज असम को छोड़कर भारत के 100 फीसदी वयस्क आधार संख्या वाले हैं। असम में आधार पर रोक लगा दी गई थी। प्रसाद ने कहा, 'आधार से घुसपैठियों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। मान लें कि किसी घुसपैठिये ने सोमेश प्रसाद के नाम से आधार हासिल कर लिया। कुछ पड़ोसियों ने आपसे शिकायत की कि वह घुसपैठिया है। जिला अधिकारी के तौर पर आप पहला काम उसके बैंक खाते में लाभ को रोकने का कर सकते हैं। इसलिये डिजिटल पहचान घुसपैठियों का तेजी से सफाया कर सकती है।' हालांकि, मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सामान्य मामलों में बायोमेट्रिक का इस्तेमाल करने के प्रति आगाह किया।

## शराब विक्रेताओं को राहत देने के लिए गोवा करेगा कानून में सुधार

पणजी,(आरएनएस)। गोवा सरकार ने शहर में बनी शराब की दुकानों को राहत देने के लिए राज्य राजमार्ग कानून में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर ने मंगलवार शाम विधानसभा में कहा कि प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, राजमार्ग शहर की शुरूआत पर जाकर खत्म होगा और जहां शहर खत्म होगा, राजमार्ग वहां से फिर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे शहर में स्थित शराब की दुकानों को राहत मिलेगी, जो फिलहाल उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण बंद हैं। पर्रिकर ने कहा, ''राज्य राजमार्ग कानून में इसलिए संशोधन किया जाएगा ताकि शहरों से होकर गुजरने वाली सड़कों को राजमार्ग न माना जाए।'' उन्होंने कहा कि इस संशोधन से पोंडा, करकोरेम, सांगुएम, बिचोलिम और अन्य छोटे शहरों के शराब विक्रेताओं को लाभ होगा। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजमार्गों की 500 मीटर के दायरे में शराब की दुकानों को प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि बाद में शीर्ष न्यायालय ने इस आदेश में बदलाव करते हुए 20 हजार तक की जनसंख्या वाले इलाकों में उक्त दायरा घटाकर 220 मीटर कर दिया गया था। न्यायालय का आदेश इस साल एक अप्रैल से लागू हुआ, जिससे तटीय राज्य में शराब की लगभग 3000 दुकानें प्रभावित हुई। राज्य सरकार ने पूर्व में असर कम करने के लिए कुछ ऐसे राजमार्गों को अधिसूची से बाहर करने की कोशिश की थी, जिनके लिए वैकल्पिक सड़कें उपलब्ध हैं। पर्रिकर ने पिछले माह सदन में कहा कि राजमार्ग के पास शराब की बिक्री पर प्रतिबंध से गोवा सरकार को सात करोड़ रूपए के राजस्व का नुकसान होगा।

## योग शिक्षकों की भर्ती के नाम पर जारी आदेश फर्जी

रायगढ़,(आरएनएस)। राज्य सरकार ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि योग शिक्षकों की भर्ती के लिए विशेष सचिव डॉ. रोहित यादव के हस्ताक्षर से एक जुलाई 2017 को यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से विभाग द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। विशेष सचिव डॉ. रोहित यादव ने बताया कि यह आदेश पूर्ण रूप से फर्जी है। उन्होंने कहा है कि ऐसा कोई भी आदेश नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की वेबसाइट में नहीं है। इसके अलावा इस फर्जी आदेश के तहत विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी, क्योंकि वर्तमान में योग शिक्षक का कोई भी पद शासन द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि फर्जी आदेश जारी होने के मामले को गंभीरता से लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ब्यूटी पार्लर में पुलिस की दबिश

रायगढ़,(आरएनएस)। शहर के थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत सी.एम.ओ. तिराहा वृन्दावन कालोनी के पास स्थित बहुमंजिला काम्प्लेक्स में लेडिज एवं जेण्टस ब्यूटी पार्लर में हो रहे अनैतिक कार्य की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षु डीएसपी/थाना प्रभारी कोतरारोड़ एवं महिला सेल की टीम द्वारा दबिश दिया गया। जहां 5 महिला एवं 2 पुरूष संदिग्ध/आपत्तिजनक हालत में मिले, जिन्हें थाना कोतरारोड़ लाया गया है । जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व नगर पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र शर्मा को सी.एम.ओ. तिराहा वृन्दावन कालोनी के पास स्थित काम्प्लेक्स में लेडिज एवं जेण्टस ब्यूटी पार्लर के आड में महिलाओं द्वारा देह व्यापार का धंधा चलाने की सूचना मिली थी। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा इस धंधे से जुड़े लोगों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया गया था। जिसके बाद सूचना की पुष्टि किये जाने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी/थाना प्रभारी कोतरारोड़, निरीक्षक सुषमा चेलक, सउनि कुसुम कैवर्त, सउनि सरस्वती महापात्रे, महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा एवं महिला सेल की महिला आरक्षक द्वारा दबिश दिया गया, जहां 5 महिला एवं 2 पुरूष संदिग्ध/आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया जिन्होंने अपना नाम भरतलाल चौधरी 52 वर्ष एवं गुरूचरण पटेल उम्र 52 वर्ष निवासी अमेरी थाना सरिया है। जिन्हें हिरासत में लेकर मौके पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपीयों के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में अप. क्र 145/17 धारा 3,4,5 अनैतिक व्यापार निवारण अधि. का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। हिरासत में लिये गये महिलाओं से 2930 रूपये तथा पुरूषों से 10763 रूपये एवं 4 मोबाईल फोन जप्त किया गया है । हिरासत में लिये गये महिलाओं की प्रमुख जुली 37 वर्ष द्वारा काम्प्लेक्स में दुकान किराये पर लिया गया था जिसके द्वारा ब्युटी पार्लर में कार्य कर रही 4 युवतियों से देह व्यापार कराये जाने की सूचना थी।